लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार

खनिज मिश्रण खिलायें- दुग्ध उत्पादन बढ़ायें

पशुओं को खनिज मिश्रण खिलाने के लाभ

- हड्डियों को मजबूत बनाता है।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है।
- पशुओं में बांझपन से बचाव करता है।
- दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्दि करता है।
- युवा बछड़ों के समग्र विकास में मदद करता है।
- पशु मिट्टी, कपड़ा, कागज इत्यादि नहीं खाते।
- पशुओं का गर्मी में न आने की परेशानी को दूर करता है।
- पशुओं की पाचन शक्ति बढ़ाता है और बीमारियों से बचाता है।
- किटोसिस व दूध बुखार जैसे पोषण संबंधी रोगों को रोकता है।
- प्रजनन दर में सुधार कर पशुओं में दो ब्यांत के बीच का अंतर कम करता है।

खनिज मिश्रण खिलाने की विधि

- खनिज मिश्रण को सांद्रण/दाना मिश्रण में मिलाकर खिलाएं।
- खनिज मिश्रण के साथ साधारण नमक 2:1 के अनुपात में खिलाएं।



प्रतिदिन खनिज मिश्रण की उचित मात्रा

• कटड़ी, बछड़ी व शुष्क पशु	= 30 ग्राम
• 5-10 किलोग्राम दूध	= 50-100 ग्राम
• 11-20 किलोग्राम दूध	= 100-150 ग्राम
• 20 किलोग्राम से अधिक दूध	= 150-200 ग्राम
• गाभिन पशु	= 100 ग्राम

पशु पोषण विभाग